अमेलिया ईअरहार्ट

अमरीकी महिला पायलट

अमेलिया ईअरहार्ट

अमरीकी महिला पायलट

उसके पास
जिज्ञासा और साहस था.
वो यह साबित करना
चाहती थी कि महिलाएं
भी हवाई उड़ान में पुरुषों
की बराबरी कर
सकती हैं.
अमेलिया इयरहार्ट, एविएशन पायनियर, इतिहास में वो पहली महिला थी
जिन्होंने अटलांटिक महासागर में पहले एक यात्री के रूप में और फिर अपने
छोटे सिंगल इंजन वाले हवाई जहाज में उड़ान भरी.
लगता है तूफान
आ रहा है!
हां, कंसास में बुरे
तूफान आते हैं.
अमेलिया इयरहार्ट का जन्म 24 जुलाई, 1898 को एटिसन
कंसास, अमरीका में हुआ. उनके पिता के माता-पिता एक
कवर्ड वैगन में "पायनियर्स" जैसे आए थे.

जब नानी ओटिस वहां पहुंचीं, तब वहाँ कई मूल अमेरिकी इंडियंस थे.
चिंता मत करो वे दोस्त हैं. वे सिर्फ उत्सुक हैं.
मुझे पता है, लेकिन मुझे उनसे डर लगता है!

अमेलिया को मूल अमेरिकी लोगों की कहानियां पसंद थीं.
काश मैं इंडियंस और कवर्ड वैगन के साथ एक "पायनियर" होती.
अमेलिया, हर युग में पायनियर होते हैं जो दुनिया में नई खोजें करते हैं!

अमेलिया के पिता एक रेल वकील थे और वो बहुत यात्रा करते थे. अमेलिया और उसकी बहन, मुरील, अपना ज़्यादातर समय ओटिस दादा-दादी के साथ बिताते थे.
एटिसन, अगला पड़ाव!
हम बस पहुँच ही गए. मैं अब और इंतजार नहीं कर सकती हूं!

उन्हें दादी-दादा ओटिस और उनके बड़े सफेद घर से प्यार था - लेकिन कभी- कभी समस्याएं भी आती थीं.
वो मेरे कपड़े हैं, दादी! माँ ने उन्हें भेजा.

वे स्कर्ट से बेहतर हैं. हम उन्हें ख़राब किए बिना दौड़-कूद और चढ़ सकते हैं.
लेकिन लड़कियां को ऐसी चीजें नहीं पहननी चाहिए! तुम गुड़ियों के साथ क्यों नहीं खेलतीं?

जब मैं एक छोटी थी, तो मैंने कमर में छल्ला घुमाने का सबसे सक्रिय काम किया था. चलो, अब अपने सुंदर कपड़े पहनो!
हाँ, दादी!

एक विशेष मौके पर पिताजी उन्हें सेंट लुइस वर्ल्ड फेयर ले गए. वे रोलर कोस्टर पर सवार हुए.
मैं उड़ रही हूँ! यह तो अद्भुत है.

एटिसन वापस आकर अमेलिया
को एक विचार आया.

खुशी से, अमेलिया स्लाइड की चोटी पर चढ़ गई. बैठने के बाद उसने एक धक्का दिया.
देखो मैं आ रही हूँ! बहुत मज़ा आया!

ट्रैक के अंत में कार जमीन से जाकर टकराई और रुक गई. अमेलिया ने बचने के लिए हवा में कलाबाज़ी लगाई.
अमेलिया! चोट तो नहीं लगी?

अरे! बाहर देखो!
बिल्कुल नहीं? ट्रैक को और नीचे आना चाहिए. चलो इसे ठीक करते हैं!

लेकिन दादी ने तुरंत रोक लगाई.

वो बहुत खतरनाक है! मैं इसे अभी तोड़ दूँगी! तुमने ऐसा क्यों किया, अमेलिया?
मज़े के लिए, दादी! वो बहुत अद्भुत था!

पढ़ना एक अच्छा,
महिलाओं का काम है.

1908 में जब अमेलिया दस साल की थी, उसके पिता
दोनों लड़कियों को आयोवा स्टेट मेले में ले गए.

प्लीज पापा,
एक और सवारी.

और वहाँ पर असली टट्टू हैं.
हम टट्टू की सवारी क्यों न करें?

लड़कियों, वहाँ कुछ ऐसा है
जो तुम्हें ज़रूर देखना चाहिए -
एक अद्भुत नया आविष्कार -
एक उड़ने वाली मशीन!

अंत में, वो लड़कियों को
उड़ान क्षेत्र में ले गए.

उस समय पहले हवाई जहाज
ने केवल पांच साल पहले ही
उड़ान भरी थी. जो तुम देख रही
हो उसे याद रखना!

हवाई जहाज को पहली बार
देखकर अमेलिया कोई ख़ास
प्रभावित नहीं हुई.

उसने स्पैदिना मिलिट्री अस्पताल में सुबह 7 बजे से शाम सात बजे तक काम किया.

एक दिन एक दोस्त उसे एयरफील्ड ले गया जहां रॉयल एयर कॉर्प्स को ट्रेनिंग दी जा रही थी.
उड़ान इतनी मज़ेदार होती है! इतनी सुंदर!

कैप्टन स्पाऊलिंग, मैं भी उड़ना चाहती हूं! क्या आप मुझे अपने साथ ले जा सकते हैं?

सॉरी, नहीं. यह नियमों के खिलाफ है.
मैं दुखी हूँ, लेकिन किसी दिन मैं उड़ना चाहूंगी!

युद्ध समाप्त होने के बाद वो न्यूयॉर्क गई और डॉक्टर बनने के लिए उसने कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रवेश किया. लेकिन एक साल बाद उसने वो छोड़ दिया.
आप छोड़कर गलत कर रही हैं. आप अच्छी डॉक्टर बनतीं!
मुझे सीखना और प्रयोग करना पसंद हैं, पर मैं उन रोगियों को गोलियां नहीं देना चाहती जो बहुत बीमार नहीं हैं.
फिर वो कैलिफोर्निया चली गई. उसके माता-पिता वहां बस गए थे और वो चाहते थे कि वो उनके पास आकर रहे.

उसके तुरंत बाद, पिताजी उसे एक एयर-शो में ले गए. जैसे ही भीड़ ने उड़ान के बाद तालियां बजायीं, पायलट विमान के पंखों पर उड़ गया.

एक अन्य विमान ने उड़ान भरी, उससे रस्सी लटकी थी.

आदमी लपका, पर चूक गया!

रस्सी उसके ऊपर थी. वह कूद गया.

फिर, हाथों के सहारे वो रस्सी पर चढ़ गया.

उसने खुद को दूसरे विमान पर सुरक्षित खींचा. भीड़ ने खूब तालियां बजायीं.

अमेलिया ने खुशी-खुशी विमानों को हवा में कलाबाज़ियां लगाते हुए देखा.

पापा, उड़ना सीखने में कितना खर्च आता होगा?

लगभग एक हजार डॉलर!.

एक हजार डॉलर! मैं कम-से-कम जॉय-राइड के लिए तो जा ही सकती हूँ?

अगर तुम में हिम्मत हो, तो मैं उसकी व्यवस्था करूंगा.

अमेलिया की पहली उड़ान के पायलट फ्रैंक हॉक्स थे. बाद में उन्होंने कई स्पीड रिकॉर्ड बनाए.

यह तो अद्भुत है! मुझे पता था कि यही होगा. उड़ना दुनिया में सबसे अच्छी चीज़ है!

धीरे-धीरे उसने बड़ी मेहनत करके उड़ना सीखा.
कभी-कभी इमरजेंसी लैंडिंग में विमान पलट जाता था.
कितना अच्छा चपटा, समतल मैदान है.
कहीं खाई भी हो सकती है जो ऊपर से न दिखे.

अमेलिया ने पूर्व सेना प्रशिक्षक जॉन मोंटिजो से, एडवांस्ड ट्रेनिंग ली.
स्टंट केवल दिखावा नहीं होते, अमेलिया. वे पायलट को सिखाते हैं कि वे आपात स्थिति से कैसे निपटें.

मैं इसे एक स्पिन में डाल रहा हूं. अब तुम कमान सम्भालो और हमें बाहर खींचो.
ठीक है!

आखिरकार वो महान दिन आया जब उसे सोलो उड़ान भरनी थी.
वो अकेले मैदान में और फिर हवा में उड़ी.
वो घबराई हुई बिल्कुल नहीं लगती है!
वो एक नेचुरल फ्लायर है और ठंडे दिमाग वाली है. वो प्लेन का खुद एक हिस्सा है.

अक्टूबर में उसने उन्हें रोजर्स फील्ड के एक एयर शो के टिकट दिए.

देवियों और सज्जनों, मिस अमेलिया ईअरहार्ट अपने विमान किन्नर कैनरी में एक नई ऊंचाई रिकॉर्ड के लिए उड़ान भरने वाली हैं.

वो मेरी बहन है!

अमेलिया ऊपर उड़ती रही अंत में उसका छोटा विमान आकाश में केवल एक धब्बे जैसा दिखा.

वो केवल तीन सिलेंडर, साठ हार्स-पॉवर वाले इंजन के साथ ऐसा कभी नहीं कर पायेगी!!

कई अन्य नौकरियां करने के बाद के बाद, अमेलिया,
डेनिसन हाउस, बोस्टन हाउस में एक सामाजिक कार्यकर्ता बन गई.

अप्रैल 1928 में एक दिन, वह एक नाटक के लिए बच्चों को रिहर्सल करवा रही थीं.
टेलीफोन कॉल, मिस ईयरहार्ट.
उनसे कहो कि दुबारा कॉल करें. मैं अभी व्यस्त हूँ.

लेकिन कॉल बहुत महत्वपूर्ण है. अमेलिया ने फोन लिया.
मैं कैप्टन हिल्टन हैली बोल रहा हूँ. क्या आप उड़ान की प्रगति के लिए कुछ करेंगी?
लेकिन कुछ....?
मैं चाहता हूं कि आप अटलांटिक महासागर पर उड़ान भरें.
बिल्कुल! ऐसे रोमांचक मौका कौन ठुकरा सकता है!

एक साल पहले, युवा चार्ल्स लिंडबर्ग दुनिया के हीरो बने - उन्होंने अकेले अटलांटिक महासागर उड़ान करके पार किया. पर उसी कोशिश में तीन महिलाओं की मौत हो गई.
मिसेज़ फ्रेडरिक गेस्ट एक अमीर अमेरिकी ने एक अंग्रेज से शादी की, कैप्टन रेले ने अमेलिया को समझाया.
मिसेज गेस्ट ने ट्राई-मोटर वाला विमान फोकर फ्रेंडशिप खरीदा है. वो अमेरिका से इंग्लैंड तक सद्भावना के रूप में उड़ना चाहती हैं. वो चाहती हैं कि उनके साथ विमान में एक अन्य महिला और हो.
क्या मैं पायलट बनूंगी?

समिति ने तुरंत अमेलिया के पक्ष में फैसला किया.
अमेलिया चालक दल और विमान से मिलने के लिए बोस्टन लौटी.

उन्हें सही मौसम के लिए कई हफ्तों तक इंतजार करना पड़ा.
जॉर्ज पामर पटनम, जो विमान के क्रू में थे ने अमेलिया का अच्छा मनोरंजन किया.

3 जून को उन्होंने न्यूफ़ाउंडलैंड की उड़ान भरी. वहां दो सप्ताह प्रतीक्षा की.
फिर 17 जून, 1928 को सुबह 11 बजे, उन्होंने फिर उड़ान भरी.
अगले चौबीस घंटों में, या वे हीरो होंगे, या फिर वे मर चुके होंगे?

उन्हें एक तूफान का, तेज़ हवा और भारी बारिश का सामना करना पड़ा.

अमेलिया ने लॉग बुक रखी.
हम रेडियो की रेंज से बाहर हैं.

उन्होंने पूरे दिन और रात में उड़ान भरी. क्या वे सही-सलामत थे?
काश हम रेडियो से जांच कर पाते. हम कहाँ है?
काश हम सुरक्षित पहुंचें!

पोर्ट मोटर में से आवाज़ आ रही है. मैं अब डाईव करूंगा. अमेलिया तुम कस कर पकड़ना!

अब तक हमें भूमि दिखना चाहिए.
हमारे पास केवल एक घंटे का ईंधन
बचा है. क्या हम जहाज के पास
उतरें, या चलते रहें?

बिल ने सही लैंडिंग की. स्लिम ने प्लेन को चैनल बॉय से बांध दिया. अमेलिया ने किनारे पर एक आदमी की ओर झंडा लहराया.

थोड़ी देर में उन्हें स्थानीय पुलिसकर्मी दिखे.

जल्द ही उनका तट पर स्वागत हुआ.

दुनिया भर में यह खबर फ़ैली. दो सप्ताह तक इंग्लैंड में उनका सम्मान और मनोरंजन हुआ. फिर वे वापिस न्यूयॉर्क शहर में टिकर-टेप परेड के लिए.

पर उससे अमेलिया दुखी हुई. उन्होंने जॉर्ज पटनम से चर्चा की, जो अब उसके सलाहकार और मैनेजर थे.

मैं प्रशंसा के लायक नहीं हूं! जब तक मैं अटलांटिक पर अकेले नहीं उड़ूँगी, तब तक मुझे खुशी नहीं होगी.

लेकिन अभी आप "फ्रेंडशिप फ्लाइट" पर एक किताब लिखें. मैं इसे प्रकाशित करूंगा. उसका शीर्षक होगा : "20 घंटे, 40 मिनट".

पुस्तक कुछ ही हफ्तों में समाप्त हो गई. अब वो फिर से उड़ने को तैयार थी.

हवा से सभी छोटी शहर एक-दूसरे जैसे ही दिखते थे. वहां कोई संकेत और हवाई अड्डे नहीं थे. एक रात जब ईंधन काम था तो वो हॉब्स, न्यू-मैक्सिको की मुख्य सड़क पर उतरी.

लेकिन वो बिना किसी गंभीर दुर्घटना के कैलिफोर्निया पहुंची.

वो कोई साधारण शादी नहीं थी.

उन्होंने पहली महिला एयर डर्बी में उड़ान भरी, उड़ान के ऊपर लेख लिखे. वो एयरलाइन की अधिकारी बनीं, उन्होंने कई लेक्चर दिए और 1931 में जॉर्ज पुटनम से शादी की.

मुझे अपना काम करने और उड़ान भरने के लिए स्वतंत्र रहना चाहूंगी. अगर हम खुश नहीं होंगे, तो फिर एक साल में मैं आपको छोड़ दूँगी.

मे वादा करता हूँ. मैं आपके करियर को हमेशा बढ़ावा दूंगा!

अमेलिया अपने उड़ान कौशल पर काम करती रही. उसने अटलांटिक को अकेले उड़ान भरके पार करने के अपने इरादे को कभी नहीं भुलाया. अंत में, 20 मई, 1932 को, 7 बजे उसने सिंगल-इंजन वाले विमान वेगा में न्यूफ़ाउंडलैंड से उड़ान भरी.

पंखों पर बर्फ जम गई और
विमान एक स्पिन में नियंत्रण से
बाहर चला गया.

इसने 3.000 फीट का गोता लगाया. बर्फ
निचली गर्म हवा में पिघल गई, और
अमेलिया अब लेवल उड़ान भरने लगी.

एग्ज़ॉस्ट में से आग की लपटें निकलीं. उसने उम्मीद रखी और चलती रही.
भोर के समय उसे सामने जमीन दिखी, पहाड़ और एक रेलवे लाइन भी.

पर अंत में उसे एक घास का मैदान मिला जहां उसने एक अच्छी लैंडिंग की.
वह पंद्रह घंटे, अठारह मिनट में अमेरिका से लंदनडेरी, आयरलैंड पहुंची थी.

अंत में उसने विमान में अकेले अटलांटिक पार किया था,
ऐसा करने वाली पहली महिला थी. वह एक सच्ची अमेरिकी नायिका थी.

लंदन में, इंग्लैंड के राजा ने उसकी प्रशंसा की, और अमेलिया, वेल्स के राजकुमार के साथ नाची.

पेरिस में, उसे पदक मिला.

द क्रॉनिकल ऑफ शेवलियर ऑफ द ऑर्डर ऑफ लियोपोल्ड.

बेल्जियम के राजा ने उसे एक और मैडल दिया.

जब वो वापस अमेरिका में आई तो व्हाइट हाउस में उसका स्वागत हुआ. और कंस्टीटूशन हॉल में राष्ट्रपति हूवर ने उन्हें नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी का स्वर्ण पदक भेंट किया.

फिर अमेलिया ने प्रशांत सागर पार कर होनोलूलू से कैलिफ़ोर्निया की उड़ान भरी. ऐसा करने वाले वो पहली इंसान थी. वह लॉस एंजिल्स से मैक्सिको सिटी और मैक्सिको सिटी से नेवार्क तक पहली बार अकेली उड़ी.

न्यूर्क हवाई अड्डे पर उसका और उसके विमान का भीड़ ने भव्य स्वागत किया.

NR-965Y

1935 में वह पर्ड्यू विश्वविद्यालय में पढ़ाने गई. वहां उसने महिला छात्रों अनौपचारिक चर्चाएं कीं.
अगर आप कुछ नया करना चाहती हैं, तो ज़रूर कोशिश करें. यदि आप उसे करने वाली पहली महिला हैं, तो उससे क्या फर्क पड़ता है? ज़रूर करें!
विश्वविद्यालय ने "अमेलिया इयरहार्ट फंड" के लिए धन जुटाया.
एक नए हवाई जहाज और उड़ान प्रयोगशाला के लिए यह रहे $ 50,000.

अमेलिया ने नया ट्विन लॉकहीड इलेक्ट्रा विमान चुना. उसमें सबसे आधुनिक उपकरण थे. वो उस समय का सबसे बड़ा और सुरक्षित विमान था.
जॉर्ज, मैं इस विमान में दुनिया भर में उड़नें भरना चाहती हूं! मैं भूमध्य रेखा पर, सबसे लंबा मार्ग पर उड़ँगी जो पहले किसी ने नहीं किया है.
मैं तुम्हारी पूरी मदद करूँगा.

अमेलिया ने उड़ान चार्ट का अध्ययन किया और जॉर्ज ने दूर-दराज़ के स्थानों पर गैसोलीन और स्पेयर पार्ट्स की व्यवस्था की.
मार्च में, अमेलिया और उसके नेविगेटर फ्रेड नूनन ने उड़ान भरी. पर टेक-ऑफ करने में कुछ गड़बड़ हुई और एक दुर्घटना हुई.
क्या तुम ठीक हो?
मैं ठीक हूं — फिर कोशिश करूंगी.

1 जून 1937 को जैसे ही विमान की मरम्मत हुई, अमेलिया और फ्रेड ने फिर उड़ान भरी. इस बार वे दूसरे रास्ते से पूरब की ओर गए.
दक्षिण अमेरिका के तट के नीचे ...
दक्षिण अफ्रीका में अटलांटिक के पार ...
भारत में जंगलों और रेगिस्तानों ...
बयालीस दिनों में बीस हजार मील की उड़ान. अब यात्रा का सबसे लंबा हिस्सा सामने आ रहा था.
लाई, न्यू गिनी से, हावलैंड द्वीप 2556 मील की दूरी पर था. हावलैंड, महान प्रशांत महासागर में एक छोटा सा द्वीप था. उसे खोज पाने के लिए सही नेविगेशन और किस्मत की ज़रुरत थी.
जिन लोगों ने 2 जुलाई का टेक-ऑफ देखा, वे अंतिम लोग थे जिन्होंने अमेलिया ईयरहार्ट और फ्रेड नूनन को देखा था.

कोस्टगार्ड जहाज़ "इटास्का" अमेलिया के मार्गदर्शन के लिए हावलैंड में तैनात था. पूरी रात "इटास्का" ने संकेत दिए.

"इटास्का" ने अमेलिया से कहा कि कृपा रिपोर्ट करें.

"इटास्का" लगातार संकेत भेज रहा था. कृपया आएं.

लेकिन अमेलिया के रेडियो को "इटास्का" के सिग्नल नहीं मिले. पे लाइट आई ... और एक फाइनल मैसेज.

सुबह 10 बजे जब उसके विमान का ईंधन ख़त्म हुआ होता तब अमेरिका की नौसेना ने इतिहास में सबसे बड़ी समुद्री खोज शुरू की.

इसमें युद्धपोत, चार विध्वंसक और वाहक "लेक्सिंगटन" के साथ-साथ 60 विमान भी शामिल थे.

पर इलेक्ट्रा या उसके चालक दल का कोई निशान कभी नहीं मिला. लेकिन लोगों को यकीन नहीं हुआ कि अमेलिया ईयरहार्ट की मृत्यु हो गई थी.

उसकी मृत्यु का विवरण कभी मालूम नहीं पड़ा और न ही वो महत्वपूर्ण है. पर अमेलिया इयरहार्ट ने उनतीस वर्षों के अपने जीवन में यह साबित कर दिया कि एक महिला क्या हासिल कर सकती थी.

अंत